तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 4 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश का तेजी से हो रहा विकास : सिंह

4



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
04 नवम्बर 2026
कूपन नं.
10

खबर संक्षेप

जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक कल

जांजगीर-चांपा। जिला पंचायत के सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक 5 नवम्बर को आयोजित की गई है। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक प्रातः 11.30 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

मतदाता सूची मुद्रण के लिए निविदा आज तक जमा

सक्ती। जिला निर्वाचन कार्यालय जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी के परिप्रेक्ष्य में जिला सक्ती के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 35-सक्ती, 36-चन्द्रपुर एवं 37-जैजैपुर अंतर्गत कुल 718 मतदान केंद्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों यथा मदर रोल एवं आयोग के निर्देशानुसार अनुपूरक सूचियों का मुद्रण कार्य किए जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य फर्मों से निविदा शर्तों के अधीन निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। निविदा जमा करने के लिए 4 नवंबर को दोपहर 12 बजे आवेदन लिए जाएंगे।

जनजातीय गौरव ज्ञान प्रतियोगिता का को

जांजगीर-चांपा। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा 5 नवंबर को दो श्रेणियों में जनजातीय गौरव ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रतियोगिता की प्रथम श्रेणी में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थी तथा प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थी शामिल होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मेरिट क्रम के अनुसार निर्धारित संख्या में प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय आयोजन में शामिल होने के लिए पात्रता मिलेगी। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में 4 नवंबर को शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

8 ग्राम पंचायतों में पीडीएस दुकान संचालन के लिए 16 तक आवेदन

सक्ती। जिले के विकासखंड सक्ती की ग्राम पंचायत सकरेलीकला, परसदाखुर्द, गढगोढ़ी, पतेरापालीकला, केरीबंधा, अर्जुनी, ऋषभतीर्थ एवं बोईरडीह में शासकीय उचित मूल्य की दुकान रिक्त होने पर इच्छुक संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्थाएं निर्धारित शर्तों के अधीन 16 नवम्बर तक एसडीएम सक्ती में कार्यालयीन समय पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।
शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु अधिकृत संस्थाओं में ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य सहकारी समितियां शामिल हैं। किसी निजी व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत को आवंटित उचित मूल्य की दुकान का संचालन ग्रामसभा द्वारा नामांकित एक समिति के माध्यम से किया जाएगा।

सड़क पर अतिक्रमण से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

त्योहार के सीजन में सड़कों पर सज रहीं दुकानें, लगने लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

त्योहारों का सीजन शुरू होते ही जांजगीर-चांपा जिले के जांजगीर और अकलतरा सहित आसपास के नगरीय क्षेत्रों के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर तक सामान सजाना शुरू कर दिया है। वहीं कई जगहों पर सड़क किनारे अस्थायी दुकानें, ठेले और फुटपाथ पर दुकानें लगने से सड़कें संकरी होती जा रही हैं। इससे यातायात व्यवस्था बिगडने लगी है और जाम की स्थिति भी बन रही है।

दीपावली त्योहार के अवसर पर कपड़े, जूते-चप्पल, पूजा सामग्री, मिठाई, सजावटी सामान, खिलौने, फल-फूल और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की मांग बढ़ जाती है। इसका फायदा उठाने के लिए छोटे-बड़े व्यापारी अपनी दुकानों के सामने अतिरिक्त सामान रखकर बिक्री करने में जुट जाते हैं। वहीं फुटपाथ और सड़क किनारे अस्थायी दुकान लगाने वाले छोटे कारोबारियों की संख्या भी बढ़ जाती है। इससे बाजार में खरीदारों की भीड़ के साथ-साथ आवागमन का दबाव भी बढ़ता है। जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक से नेताजी चौक और नेताजी चौक से स्टेशन रोड में इस तरह की समस्या देखी जा सकती है। इसी तरह नेताजी चौक से लिंक रोड में भी कई जगह पर समस्या आ रही है। चांपा शहर के सदर बाजार, गांधी चौक, स्टेशन रोड, बरपाली चौक और बस स्टैंड मार्ग पर सबसे अधिक जाम लग रहा है। त्योहारी सीजन में कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक और मिठाई दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। ग्राहकों द्वारा सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से बाइक और कार खड़ी कर देने से सड़क की चौड़ाई आधी रह गई है।ऊपर से दुकानदारों ने भी फुटपाथ तक अपना सामान फैला कर अतिक्रमण कर लिया है। इससे पैदल चलने वालों को भी सड़क पर चलना पड़ रहा है, जिससे जाम और बढ़ रहा है। त्योहार के दौरान खरीदारी के लिए उमड़ने वाली भीड़ के बीच सड़क पर दुकानदारी और बेतरतीब वाहन पार्किंग से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। त्योहार करीब आते ही जाम की समस्या आम होगी।



त्यौहारी सीजन के चलते कचहरी चौक में लगी वाहनों की कतार।

सड़क पर दुकानदारी से राहगीरों की परेशानी

जांजगीर और अकलतरा के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में त्योहारों के दौरान दुकानों के बाहर सामान फैलाकर रखने और सड़क किनारे अस्थायी दुकानें लगाने से पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कई स्थानों पर ग्राहकों के वाहन सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं। इससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है।सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और स्कूली विद्यार्थियों को होती है। फुटपाथ पर दुकानें लगने से मुख्य सडक पर वाहनों की पार्किंग होती है। ऐसे में व्यवस्था चरमरा जाती है।

करेंगे निर्देशित

त्यौहारी सीजन में सड़क पर जो भी व्यापारी दुकान लगा रहे है, उन्हें समझाईश दी जाएगी। इसके लिए कर्मचारियों को निर्देशित करेंगे। यातायात पुलिस से समन्वय बनाकर विधिवत कार्रवाई भी की जाएगी।

-रामावन नेताम
प्रभारी सीएमओ, नगर पालिका जांजगीर नैला

निलंबन आदेश निरस्त करने की मांग को लेकर राजस्व पटवारी संघ ने खोला मोर्चा

अपर कलेक्टर को पत्र देकर लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





अपर कलेक्टर को मांग पत्र सौंपते पटवारी संघ के पदाधिकारी।

राजस्व पटवारी संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष पर निलंबन निरस्त करने की मांग को लेकर संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर अपर कलेक्टर को मांग पत्र सौंपते हुए इस पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञात हो कि राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने ग्राम खोखरा में पदस्थ पटवारी एवं संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष ज्योतिप्रकाश कुमार सर्वे के निलंबन की कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में मंगलवार 3 नवंबर को जिला कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा को ज्ञापन सौंपकर निलंबन आदेश तत्काल निरस्त करने तथा संबंधित एसडीएम के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि श्री सर्वे को जुआ अधिनियम से संबंधित प्रकरण में जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा 03 फरवरी को दोषमुक्त किया जा चुका है। इसके बावजूद एसडीएम जांजगीर द्वारा 1 नवंबर को उसी प्रकरण को आधार बनाकर उनका निलंबन किया जाना न्यायसंगत एवं उचित प्रशासनिक कार्रवाई नहीं है। संघ ने सवाल उठाया कि जब सक्षम न्यायालय द्वारा संबंधित कर्मचारी को दोषमुक्त किया जा चुका है, तो उसी प्रकरण के आधार पर निलंबन की कार्रवाई किस वैधानिक आधार पर की गई। संघ ने इसे कर्मचारियों के सम्मान एवं संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावित करने वाली कार्रवाई बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज की। साथ ही जिले के समस्त हड़तालरत पटवारियों के सामूहिक निलंबन की कार्रवाई किए जाने का आग्रह भी किया। ज्ञापन प्राप्त करते हुए अपर कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा ने संघ के प्रतिनिधिमंडल को प्रकरण में समुचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजस्व पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के फिरत किरण, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, भुवनेश्वर देवांगन, लक्ष्मीनारायण तिवारी, राजस्व पटवारी संघ के गोपाल राठौर, लक्ष्मी तिवारी, संजय शांडिल्य, शिव शर्मा, संदीप राठौर, टिकेंद्र दीवान, प्रमोद कश्यप, रंजीत जांगड़े, अंबुज शर्मा, प्रदीप देवांगन, गजानंद साहू, रोशन बिंझवार, मोहन कौशिक, हेमचंद तिवारी, चंद्रशेखर कश्यप, नरेंद्र टंडन, हरीश कश्यप, खुशबू तिवारी, सुष्मिता दीवान, श्वेता राठौर, अंबालिका बरगाह एवं सावित्री दर्वे उपस्थित थे।

बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लकड़ी काटने के विवाद पर बडे भाई पर चाकू से वार कर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रधान सेशन जज जयदीप गर्ग ने सुनवाई के बाद फैसला सुनाया है।

अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह निवासी जमिला बेगम 11 जनवरी की दोपहर घर के अंदर नमाज पढ़ रही थी। वहीं उसका पति मछली बेचने ग्राम लखुर्री गया था। इसी दौरान जमिला के बड़े बेटे सफर खान और छोटे बेटे साहिल खान के बीच लकड़ी काटने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर साहिल ने सफर के पेट और सीने पर चाकू से ताबडतोड़ वार दिया। सफर खान को इलाज के लिए बम्हनीडीह के सरकारी अस्पताल ले जाया गयाा, जहां से उसे जिला अस्पताल जांजगीर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सफर खान की मौत हो गई। बम्हनीडीह पुलिस ने 12 जनवरी को साहिल खान के खिलाफ अपराध कायम किया। इसके पश्चात विवेचना पूर्ण कर साहिल की गिरफ्तारी करते हुए न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रधान सेशन जज जांजगीर जयदीप गर्ग द्वारा साक्ष्यों के आधार पर साहिल खान को दोषी पाया गया। न्यायाधीश ने 20 वर्षीय साहिल खान पिता शेख मोहम्मद को धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के लिए आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 6 माह सश्रम कारावास पृथक से भुगताने का दण्डादेश जारी किया गया है। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।



■ प्रधान सेशन जज जयदीप गर्ग का फैसला

जनजातीय गौरव सप्ताह : दो श्रेणियों में किया जाएगा प्रतियोगिता

सक्ती। शासन के निर्देशानुसार 11 नवम्बर से 18 नवम्बर तक जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाना है। उक्त अवधि में जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय आयोजन के संबंध में शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में जनजातीय गौरव ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिला स्तर पर जनजातीय गौरव ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित होगी। प्रथम श्रेणी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों के विद्यार्थी शामिल होंगे।

सामाजिक अंकेक्षण के तहत विकास कार्यो की चल रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राज्य कार्यालय के दिशा-निर्देश एवं जिला प्रशासन के आदेशानुसार जिले की कुल 321 ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण के तहत हुए विकास कार्यो की जांच की जा रही है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया लगातार जारी है। सामाजिक अंकेक्षण दलों द्वारा पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कराए गए विकास कार्यों का व्यापक भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। कार्यों की वास्तविक स्थिति, गुणवत्ता, हितग्राहियों को प्राप्त लाभ तथा अभिलेखों में दर्ज जानकारी का स्थल स्तर पर मिलान कर वस्तुस्थिति का परीक्षण किया जा रहा है। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान केवल कार्यों की भौतिक स्थिति की जांच तक सीमित न रहते हुए पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले विभिन्न माध्यमों का भी गहन परीक्षण किया जा रहा है। दीवार लेखन, सूचना प्रदर्शन, मस्टररोल, भुगतान संबंधी अभिलेख, कार्यस्थल से संबंधित जानकारी तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सूचनाओं की भी जांच की जा रही है। सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली जा रही है। सामाजिक अंकेक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर समस्त ब्लॉक सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता एवं ग्रामीण स्त्रोत व्यक्तियों की जिला स्तर पर सामूहिक समीक्षा उपरांत प्रभारी जिला सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता द्वारा बताया गया कि सामाजिक अंकेक्षण को पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ संपादित किए जाने के निर्देश हैं। प्रभारी जिला सामाजिक अंकेक्षण प्रदाता अनिल कुमार साहू द्वारा लगातार मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।



विकास कार्यो की जांच करते अफसर।

बिग डैडी गेम ऑनलाइन सट्टा ऐप का मास्टरमाइंड महाराष्ट्र से गिरफ्तार, हाईटेक रैकेट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बीडीजी (बिग डेडी गैम) ऑनलाइन सट्टा मामले में मास्टरमाइंड को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने कुछ दिनों पूर्व न्यू चंदनियापारा लिंक रोड जांजगीर के 6 लोगों को बिग डैडी गेम नामक ऑनलाइन सट्टा गेम खेलने के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही इस नेटवर्क का खुलासा हुआ। पूछताछ पर खुलासा हुआ कि किरण साल्वे ने टेलीग्राम में ईगल बीडीजी गेम नाम का चैनल बनाया था और इसी चैनल के माध्यम से गेम का संचालन हो रहा था। किरण साल्वे के माध्यम से बिग डेडी गेम में पैसे का लेनदेन होता था। जब-जब उक्त गेम में पैसा डाला जाता था तो पहले एजेंट को कमीशन मिलता था और सबसे ऊपर किरण साल्वे को जांजगीर जिले से जितने भी लोग पैसा डालते थे, उसका कमीशन मिलता था। पुलिस ने टेलीग्राम चैनल की चैटिंग, व्हाट्सएप चैटिंग एवं पैसे के लेनदेन के आधार पर मास्टर माइंड किरण साल्वे की गिरफ्तारी की है। साइबर टीम द्वारा पुणे, महाराष्ट्र से किरण साल्वे को गिरफ्तार कर जांजगीर लाया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



सूचना तंत्र की मदद से खरौद पुलिस टीम ने ग्राम धरदेई में की कार्रवाई

रेड के दौरान लावारिस हालत में मिला 500 किलो महुआ लहान, कराया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुलिस रेड के दौरान लावारिस हालत में मिले 5 सौ किलोग्राम महुआ लहान नष्टीकरण कराया गया है। मामला खरौद पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम धरदेई का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस सहायता केंद्र राहौद और खरौद पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम धरदेही की धनवार बस्ती में दबिश देकर अवैध शराब बनाने के लिए तैयार किया गया 500 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया और मौके पर ही नष्ट कर दिया।कैसे हुई कार्रवाई -पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम धरदेई की धनवार बस्ती में कुछ लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर महुआ लहान जमा कर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाने की तैयारी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में राहौद पुलिस सहायता केंद्र की टीम ने तत्काल रेड की योजना बनाई। 3 नवंबर की दोपहर पुलिस टीम जब धनवार बस्ती के बाहरी इलाके में पहुंची तो देखा कि झाड़ियों के बीच 20 पीले रंग के प्लास्टिक डिब्बों में लावारिस हालत में लहान रखा हुआ है। मौके पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर सभी डिब्बों को खोला तो उनमें से तेज दुर्गंध वाला सड़ा हुआ महुआ लहान भरा हुआ था, जिसका उपयोग कच्ची शराब बनाने में किया जाता है। नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने लगभग 500 किलो महुआ लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया ताकि उसका उपयोग शराब बनाने में न हो सके। लहान नष्ट करने से लगभग 50 लीटर से अधिक कच्ची शराब का निर्माण रोका गया है, जिसकी बाजार में कीमत हजारों रुपए आंकी जा रही है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध शराब, जुआ-सट्टा और नशे के कारोबार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ लहान के भंडारण पर विशेष निगरानी रखी जाए और ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री से जुड़ी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है और सतत निगरानी रखी जा रही है। पुलिस सहायता केंद्र राहौद के एएसआई राजेंद्र क्षत्रिय, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक ओमकार वर्मा एवं चौकी स्टाफ के प्रधान आरक्षक, आरक्षकों का योगदान रहा।



जब्त महुआ लहान के साथ आबकारी टीम।

दीपावली नजदीक, खाद्य पदार्थो की जांच को लेकर नजर नहीं आ रही सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों विशेषकर मिठाईयों की शुद्धता एवं गुणवत्ता को लेकर जिम्मेदार जिला प्रशासन सहित खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग की सक्रियता कहीं नजर नहीं आ रही हैं। ऐसे में मिठाईयों की मांग बढ़ने के साथ ही इनमें मिलावट और इनकी गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ताओं की चिंता जरूर बढ़ गयी हैं, लेकिन लगता हैं कि संबंधित अमले को इससे कोई सरोकार नहीं हैं।

ज्ञात हो कि चांपा शहर में यूँ तो बिकने वाले खाद्य पदार्थों विशेष रूप से मिठाईयों की शुद्धता, गुणवत्ता और इनमें मिलावट की कोई नियमित जांच नहीं होती हैं. और न ही मिठाईयों पर इसके निर्माता एक्सपायरी का लेवल ही लगाते हैं। दीपावली पर्व नजदीक आने के बाद भी जिस तरह सुस्त नजर आ रहा हैं। उससे यह लगता हैं कि उसे उपभोक्ताओं की सेहत और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता की कोई परवाह हैं। विभाग ने अब तक नगर तथा इसके आसपास के किराना दुकानों, होटल, ढाबों अथवा मिठाई दुकानों की जाँच कर खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र ही नहीं किये हैं।



खबर संक्षेप



मसीही समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

कोरबा। कोरबा चर्चेस वेलफेयर एसोसिएशन समिति के तत्वावधान में सोमवार को मसीही समाज के पदाधिकारियों का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस चुनाव की विशेष बात यह रही कि समिति के सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध रूप से हुआ। निर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष रेव्ह. सीमा गोस्वामी, उपाध्यक्ष रेव्ह. जगजीवन टंडन, सचिव रेव्ह. राजकुमार दान, सहसचिव रेव्ह. पीटर यीशु, कोषाध्यक्ष पा. रेव्ह. डैनियल छत्रिया, सदस्य रेव्ह. रूप अजय, सदस्य रेव्ह. राजेन्द्र प्रधान, सदस्य रेव्ह. एस. पी. राठौर शामिल है।

राज्योत्सव में कथक कलाकार योधा पर्वथम सम्मानित



कोरबा। राज्योत्सव के आयोजन में जिले की प्रतिभाशाली बाल कथक कलाकार कुमारी योधा पर्वथम को उनकी सहभागिता एवं सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 2 नवंबर को आयोजित इस समारोह में जिला प्रशासन की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। योधा पर्वथम दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको नगर की कक्षा पांचवीं की छात्रा हैं। वे विगत कई वर्षों से भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक का नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। योधा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किए हैं। उनकी उपलब्धियों में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक ओलंपियाड, यूएई-2024 में रजत पुरस्कार सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की कथक प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार शामिल हैं।

राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शारदा अनुराग ने जीते स्वर्ण पदक



कोरबा। चू-जिन कराटे की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में शारदा रात्रे एवं अनुराग दास ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करना खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। खिलाड़ियों ने कोच करण दास मानिकपुरी के नेतृत्व तथा शिहान राजू रावत के प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन में यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और शानदार प्रदर्शन से राष्ट्रीय मंच पर कोरबा जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शारदा रात्रे, अनुराग दास, कोच करण दास मानिकपुरी और प्रशिक्षक शिहान राजू रावत को बधाई दी है।

मेरा युवा भारत कोरबा द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

मड़वारानी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा करतला विकासखंड स्थित शासकीय हाईस्कूल फत्तेगंज में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रूपेंद्र कुमार द्वारा जिला युवा अधिकारी ईशा गौतम के आदेशानुसार एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी सद्भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना तथा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान से परिचित कराना था। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने में उनके योगदान पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।

जिले के ग्रामीण अंचल में चल रहे 40 सड़कों के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा, करतला और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी कर काम शुरू किया गया है। कुछ क्षेत्रों की सड़कों का काम टेंडर प्रक्रिया की वजह से शुरू नहीं हो सका है। कुल 40 ऐसी सड़कें हैं जो इन विकास खंड में बनाई जाएंगी। जिसके लिए राज्य सरकार के अधोसंरचना मद और जिला प्रशासन के डीएमएफ से राशि जारी की गई है।

जिन सड़कों के काम होंगे वो सड़कें लोक निर्माण विभाग और प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें हैं। ऐसी सड़कों के लिए जो राशि जारी हुई है उसके तहत 50 करोड़ स्वीकृत हुए हैं, जो कटघोरा, करतला, पोड़ी उपरोड़ा में खर्च किए जाएंगे। सड़कों के निर्माण के साथ पुल पुलियों का निर्माण भी किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा आकांक्षी ब्लाक पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कोरबी, चोटिया क्षेत्र की सड़कों को प्राथमिकता से काम शुरू किया गया है। चिरमिरी जिले की सीमा तक सड़क का निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इनके अलावा जल्के, तनेरा मार्ग के निर्माण के साथ अड़सरा, कोडगार मार्ग के पुल पुलियों का भी निर्माण शुरू किया जाएगा। ग्रामीण अंचल होने के कारण आवागमन के लिए ग्रामीणों को पहाड़ी नालों से होकर गुजरना पड़ता था। कोरबा विकासखंड के अंतर्गत झगरहा से कोरकोमा, बताती, चचिया मार्ग के चौड़ीकरण का काम लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। इसी तरह चिर्रा से श्यांग तक 12 किलोमीटर लंबी सड़का का भी निर्माण शुरू किया गया है। उक्त सड़क का काम डीएमएफ से किया जा रहा है।

अधोसंरचना मद और डीएमएफ से स्वीकृत हुई है राशि

खास बात

- दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में पहुंच मार्ग का हो रहा है निर्माण



अटका है उरगा-कटघोरा एनएचआई का निर्माण

चांपा को उरगा-कटघोरा होते हुए बिलासपुर से जोड़ने के लिए भी एनएचआई के द्वारा सड़क निर्माण के लिए सर्वे किया गया है। लेकिन एलाइमेंट फाइनल नहीं होने के कारण अब तक उरगा से कटघोरा 38 किलोमीटर लंबी एनएचआई फोरलेन सड़क निर्माण के कार्य पर भी ग्रहण लगा हुआ है, जबकि उक्त सड़क के निर्माण को लेकर कोरबा, कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा के 51 गांवों के रजिस्ट्री पर बीते दो साल से रोक लगी हुई थी, और इन दो सालों में एनएचआई ने 38 किमी लंबी अपनी सड़क के लिए एलाइमेंट ही फाइनल नहीं कर सका है।

कुसमुण्डा के भैरोताल में मिला मगरमच्छ का बच्चा

रिहायशी इलाके में मिला मगरमच्छ का बच्चा, वन विभाग ने पड़ोसी जिले को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा क्षेत्र के प्रेम नगर वार्ड क्रमांक 65 स्थित भैरोताल में मगरमच्छ का बच्चा मिलने से हड़कंप मच गया। खोलार नाले से लगी रेलवे पटरियों के पास मगरमच्छ के बच्चे को देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जैसे ही मगरमच्छ की सूचना स्थानीय पार्षद को मिली उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचा मगरमच्छ के बच्चा को पकड़कर वन विभाग को सौंपी जिसके बाद वन विभाग की टीम ने पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के कोटमी सोनार सुरक्षित छोड़ दिया है।

मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के पार्षद प्रेम साहू मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से मगरमच्छ के बच्चे को पकड़कर बोरे में बंद किया और वन विभाग को इसकी सूचना दी। पार्षद के इस कदम के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। पार्षद प्रेम साहू ने बताया कि इससे पहले भी रेलवे पटरी पर एक मगरमच्छ मृत अवस्था में मिला था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि कोई बड़ा मगरमच्छ भी आसपास मौजूद हो सकता है। लगातार मगरमच्छ दिखाई देने की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों की चिंता बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि खोलार नाला हसदेव नदी से जुड़ा हुआ है। इसी रास्ते मगरमच्छ रिहायशी इलाके तक पहुंच जाते हैं। कुछ दिन पहले भी क्षेत्र में एक मगरमच्छ मृत मिला था। अब मगरमच्छ का बच्चा मिलने के बाद लोगों में भय का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। पार्षद ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे फिलहाल नाले और नदी के आसपास जाने से बचें। खासकर बच्चों को पानी के किनारे अकेले नहीं जाने दें। पकड़े गए मगरमच्छ के बच्चे को पार्षद के द्वारा वन विभाग को सौंपने के बाद विभाग की टीम ने पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के कोटमी सोनार सुरक्षित छोड़ दिया है।



पकड़े गए मगरमच्छ को बोरे में भरते हुए।

चेपा गांव के तालाब में दिखा मगरमच्छ

कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पाली परिक्षेत्र के चेपा गांव में एक विशाल मगरमच्छ को तालाब में देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दशहत का माहौल है। ग्रामीणों ने उसके डर से तालाब जाना बंद कर दिया है । जिससे उनकी रोजमर्रा की मुश्किले बढ़ गई है। तालाब पहुंचे ग्रामीणों ने पानी में तैर रहे मगरमच्छ हो देखा और अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी जिस पर बड़ी संख्या ग्रामीण तालाब के पास पहुंच गए। मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन पकड़ नहीं सके और हलचल के कारण मगरमच्छ गहरे पानी में चला गया। वन विभान बताया कि शीघ्र ही मगरमच्छ के बाहर आते ही पकड़ लिया जाएगा।

जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में मिली शासकीय योजनाओं की जानकारी



जनसंपर्क स्टॉल में योजनाओं की जानकारी लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घन्टाघर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर ओपन आडिटोरियम परिसर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। यहां विभिन्न विभागों द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

इसी कड़ी में जनसंपर्क विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के विकास प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी प्रदर्शित की गई। जिले के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, युक्तियुक्त करण एवं अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, जल जीवन मिशन अंतर्गत लगे नल, पहाड़ी कोरवाओं के युवा बेरोजगारों को मिली नौकरी के बाद जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं के लाभ से जीवन में आए बदलाव को बताया गया। स्टॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन सहित अन्य ब्रोसर,पाम्पलेट व पत्रिकाओं का वितरण भी आमनागरिको को किया गया। यहाँ से शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर युवाओं द्वारा बताया गया कि जनमन जैसी पत्रिका उनके लिए बहुत उपयोगी है। पत्रिका में शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी होती है जो कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में काम आती है।

रामनगर अमरैय्यापारा में रेलवे फाटक बंद होने से लगा जाम



जाम में फंसे भारी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार तड़के रामनगर अमरैय्यापारा क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी और यातायात व्यवस्था चरमराने की स्थिति निर्मित हो गई, जब रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे फाटक को अचानक बंद कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, रामनगर अमरिया पारा से निकलने वाले भारी वाहन (ट्रक) इसी रेलवे फाटक को पार कर उरगा चांपा की ओर जाते हैं। सोमवार सुबह लगभग 5:30 बजे स्टेशन के पास वाला यह फाटक बंद कर दिया गया। सुबह का समय होने और फाटक के देर तक बंद रहने के कारण अमरैय्यापारा, रामनगर और कुआं भट्टा क्षेत्र तक भारी वाहनों (ट्रकों) की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जिससे देखते ही देखते भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। जैसे ही इस जाम की जानकारी यातायात अमले को मिली, यातायात पुलिस तुरंत एक्शन मोड में आ गई। यातायात सउनि मनोज दलबल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए स्थिति का जायजा लिया और तुरंत रेलवे के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर पूरी वस्तुस्थिति से अवगत कराया। यातायात पुलिस की त्वरित पहल के बाद रेलवे प्रशासन द्वारा बंद फाटक को खुलवाया गया। फाटक खुलने के पश्चात यातायात सउनि मनोज और उनकी टीम ने मौके पर मुस्तैद रहकर एक-एक कर वाहनों को रवाना करवाया और मार्ग को सुचारू रूप से चालू कराया। पुलिस की इस त्वरित और सूझबूझ भरी कार्रवाई से वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली।

दंतैल ने पीडिया के जंगल में डाला डेरा फसलों को पहुंचाया नुकसान

कोरबा। करतला वन परिक्षेत्र पीडिया जंगल में विचरण दंतैल हाथी ने रविवार की रात आगे बढक़र बड़मार का रूख कर लिया। दंतैल ने यहां पहुंचते ही कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया। फिर भी इसकी संभावना बनी हुई है। वन विभाग लोगों को सतर्क करने के काम में जुट गया है। लोनर हाथी के गांव के जंगल में विचरण करने की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को इससे दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि हाथी देखने जंगल की ओर ना जाएं। इस बीच सूरजपुर क्षेत्र से अचानक धमके 12 हाथियों के दल कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज के मदनपुर सर्किल में स्थित पुटा गांव में उत्पात मचाते हुए 4 ग्रामीणों के धान की फसल को नुकसान पहुंचाया और देर शाम यहां उत्पात मचाने के बाद पुनः कटघोरा वन मंडल जंगल की सीमा को पार कर सूरजपुर क्षेत्र में पहुंच गया। हाथियों के दल ने जाते समय फूलझर नदी के पास बाइक सवार लोगों से सामना होने पर हमला कर दिया जिससे एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि दूसरे ने ट्रक के नीचे छिपकर जान बचायी। बताया जाता है कि बाइक सवार दोनों आपस में चाचा-भतीजे थे। घटना में चाचा की मौत हुई है, जबकि भतीजा बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा है कि दल में कबरा कान वाला हाथी शामिल था।

न्यायालय :- श्रीमती शीलू केसरी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जांजगीर के न्यायालय के अतिरिक्त, न्यायाधीश पामगढ़, जिला-जॉजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
(उपस्थिति हेतु समन/नोटिस)
(आदेश 05 नियम 20 (1) व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

ईश्तहार

प्रोसेस क्रमांक 465/26, 26.10.2026
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक 01/2026
पेशी दिनांक 20.11.2026
पक्षकार :- स्वतंत्र कुमार..... आवेदक
विरूद्ध
शाखा प्रबंधक वगैरह.... अनावेदकगण

प्रति, आम जनता जो इससे संबंध हो।

इस ईश्तहार के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में ऊपर लिखित आवेदक द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु एक वाद भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 अंतर्गत धारा 372 भा. उ. अधि. का दावा उत्तराधिकारी घोषित किये जाने हेतु प्रकरण लाया है जो कि मृतक राजाराम निवासी ग्राम छोटा बाजार चिरमिरी, तहसील चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) का निवासी था। मृतक राजाराम एस.ई.सी.एल. चिरमिरी कालरी में ट्रामर के पद पर कार्यरत था और अपनी सर्विस पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गया था। आवेदक के पिता स्व. राजाराम की मृत्यु दिनांक 07.09.2020 को अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में हो गया है। आवेदक के पिता स्व. राजाराम को सेवानिवृत्त में मिलने वाली समस्त राशि अनावेदक क्रमांक 1 सेंट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा छोटा बाजार चिरमिरी, तहसील चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में जमा है। मृतक राजाराम के मृत्यु पश्चात आवेदक द्वारा सेंट्रल बैंक आफ इण्डिया शाखा छोटा बाजार चिरमिरी में जमा राशि निकालने हेतु दावा पेश किया, तब अनावेदक क्रमांक 1 के द्वारा मौखिक रुप से सक्षम न्यायालय द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक के वैध उत्तराधिकारी होने के संबंध में मांग किया गया है, के संबंध में वाद पेश किया गया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.11.2026 को किया जाना है आपको सूचित किया जाता है कि यदि उक्त प्रकरण में आपका हित सम्मिलित हो तो आप पेशी तारीख को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जांजगीर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) में दिनांक 20.11.2026 को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना आपत्ति/लिखित कथन प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई एवं निराकरण आपके अनुपस्थिति में ही विधिनुसार किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान - पामगढ़
दिनांक 26.10.2026

(श्रीमती शीलू केसरी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जांजगीर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)





16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान














क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101

PAYMENT QR CODE

₹ 251

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय एकता दिवस पर खुंटादहरा में युवाओं ने लिया एकता और अखंडता का संकल्प



सक्ती। भारत के लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को ग्राम पंचायत खुंटादहरा में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। मेरा युवा भारत सक्ती के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में खुँटादहरा स्कूल के शिक्षक मनोज राठौर, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक संतोष राठौर, शुभम राठौर, साहिल दास महंत, धर्मेश पटेल एवं मयंक मरकाम सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक सुजल राठौर ने किया। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता से देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर मजबूत एवं अखंड भारत की नींव रखी। उनका जीवन देशवासियों के लिए एकता, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं एवं ग्रामीणों को राष्ट्रीय एकता, आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया।

तनौद के हटवारा पारा में अखंड नवधा रामायण 12 नवंबर से

तनौद। ग्राम पंचायत तनौद के हटवारा पारा में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का भव्य आयोजन 12 से 21 नवंबर तक किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 नवंबर, गुरुवार को दोपहर 12 बजे कलश यात्रा एवं रामायण पाठ के साथ होगा। वहीं 20 नवंबर को रात्रि 8 बजे से मानस मंडलियों की फाइनल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 21 नवंबर, शनिवार को हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोज के साथ समारोह का समापन होगा। आयोजन के यजमान मनहरण कैवर्त्य एवं श्रीमती मेलाबाई तथा रामहरी साहू एवं श्रीमती तीजमती होंगे। कार्यक्रम में संत रामगोपाल दास महाराज (मारुति धाम देवघाट) का सानिध्य प्राप्त होगा। वहीं व्यास पीठ पर पं. पवन महाराज (धरदेई वाले), पुजारी संकट मोचन हनुमान मंदिर तनौद, रामकथा का रसपान कराएंगे। मानस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को 21,001 रुपये एवं रामायण गुटका, द्वितीय को 17,001 रुपये तथा तृतीय स्थान पर 15,001 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चौथे से तेरहवें स्थान तक क्रमशः 12,001, 9,001, 8,001, 7,001, 6,001, 5,001, 4,001, 3,001, 2,001 एवं 1,001 रुपये के पुरस्कार रखे गए हैं। अन्य फाइनल प्रतिभागी मंडलियों को समिति की ओर से 501 रुपये एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी। प्रतिदिन आने वाली मानस मंडलियों को भी 1,001, 701, 501 एवं 301 रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। फाइनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट टीकाकार एवं तबला वादक को भी एक-एक हजार रुपये से सम्मानित किया जाएगा। समिति के संरक्षक रामप्रसाद साहू, अध्यक्ष मनोज कैवर्त्य एवं उपाध्यक्ष गणेश साहू सहित पदाधिकारियों ने ग्राम सहित आसपास के मानस प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव में ज्ञानदीप कॉलेज के प्रशिक्षार्थियों ने लहराया परचम



जांजगीर-चांपा। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में ज्ञानदीप कॉलेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर के बीएड प्रथम एवं अंतिम वर्ष के प्रशिक्षार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। 31 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महोत्सव में नुक्कड़ नाटक, लोकगीत, लोकनृत्य, कविता लेखन, चित्रकला एवं पारंपरिक वेशभूषा सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में ज्ञानदीप कॉलेज के प्रशिक्षार्थियों ने अपनी कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रतिभा का परिचय दिया।प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों ने लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। वहीं लोकगीत एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रशिक्षार्थियों की इस सफलता पर महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राध्यापकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जेठा ग्राउंड में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश का तेजी से हो रहा विकास : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर के समीप स्थित जेठा ग्राउंड सक्ती में सांसद राज्यसभा देवेंद्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह के द्वीप प्रज्वलन के पश्चात राज्य गीत, राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

राज्योत्सव समारोह में पूर्व सांसद गुहाराम अजगल्ले, पूर्व विधायक, डॉ. खिलावन साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत सक्ती श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चन्द्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, अध्यक्ष जनपद पंचायत सक्ती श्रीमती नीतू राय, अध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे, अध्यक्ष जनपद पंचायत मालखरौदा कवि वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत डभरा श्रीमती अरूणा महेंद्र सिंह सिदार, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद सक्ती श्याम सुंदर अग्रवाल, टिकेश्वर गबेल, अभिषेक शर्मा, रामनरेश यादव, चितरंजय पटेल, कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर नवीन भगत, अपर कलेक्टर के एस पैंकरा उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह में सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 1 नवम्बर 2000 को जिस समय राज्य का निर्माण हुआ था उस समय प्रदेश में विकास कम थे। पहले हमे राजधानी भोपाल जाने के लिए काफी समय और सुविधाओं की कमी रहती थी। रेल की सुविधाओं, तकनीकी सुविधाओं सहित अन्य कई विकास कार्यों की कमी थी। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण और स्थाई सरकार बनने के बाद प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। राज्य गठन के बाद प्रदेश में पीडीएस सिस्टम से एक रुपए प्रति किलो चांवल दिया जाता था इसी प्रकार वर्तमान में प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश निर्माण के बाद अब तक आदिवासी समाज का मुख्यमंत्री नहीं बना था। लेकिन आज गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। भारत सरकार के नेतृत्व में आयुष्मान कार्ड योजना से आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है। पूर्व सांसद गुहाराम अजगल्ले ने कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के 26 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। हम सभी इन 26 सालों में छत्तीसगढ़ के विकास यात्रा से परिचित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ में अनेक उपलब्धियां हासिल की है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा ने कहा कि केंद्र एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन के कल्याण एवं विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से जागरूक होकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा पात्रतानुसार उनका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने बताया कि 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था। राज्य गठन के 26 सालों में छत्तीसगढ़ में बहुत विकास कार्य हुवे है। कलेक्टर श्रीमती जैन ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। राज्योत्सव समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा देवेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण को जिला प्रशासन द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय राज्य स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों ने शमा बांध दिया, जिसने आए सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

वीड हार्वेस्टर करेगा रामबान्धा तालाब को जलकुम्भी से मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



वर्षों से जलकुम्भीयों से अटा पड़ा नगर का ऐतिहासिक रामबान्धा तालाब आगामी दिसंबर माह तक क्या जलकुम्भीयों से मुक्त हो जायेगा। नगरपालिका प्रशासन की तैयारियों को देखकर तो ऐसा ही लगता हैं। इस तालाब की व्यापक सफाई का कार्य दुर्ग नगर निगम से यहां आने वाला वीड हार्वेस्टर करेगा। इस हेतु नगरपालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव दुर्ग नगर निगम के महापौर के संपर्क में हैं। बताया जाता हैं कि अभी यह हार्वेस्टर भिलाई में सफाई कार्य में व्यस्त हैं जिसके दीवाली बाद कभी भी यहां आने की संभावना हैं।

■ दीवाली बाद दुर्ग नगर निगम से यहां आने की संभावना, नपाध्यक्ष दुर्ग महापौर के संपर्क में

शहर एवं जिले के सबसे बड़े और ऐतिहासिक रामबान्धा तालाब की सफाई का मुद्दा इन दिनों सरगर्म हैं। तालाब के जलकुम्भीयों से पटा होने के कारण विपक्षी दल कांग्रेस ने तालाब को जलकुम्भी मुक्त बनाये जाने की मांग को लेकर इस माह 2 नवंबर को एक बड़ा आंदोलन किये जाने की चेतावनी दी थी। वह तो पार्टी का दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाए जाने की मांग को लेकर आयोजित देशव्यापी आंदोलन के चलते नगर में प्रस्तावित आंदोलन टल गया क्योंकि पार्टी के विधायक, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष सहित कई बड़े नेता दिल्ली प्रवास पर चले गए। इधर तालाब सफाई मामले में शहर में हो रही लगातार भद को देखते हुए पालिका प्रशासन की ओर से पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने दुर्ग नगर निगम के महापौर से संपर्क साधा हैं। उन्होंने तालाब की सफाई के लिए वीड हार्वेस्टर किराये पर उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया। बताया जाता हैं कि दुर्ग महापौर ने इसके लिए सहमति जताते हुए दीवाली पश्चात वीड हार्वेस्टर उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया हैं क्योंकि यह हार्वेस्टर अभी भिलाई में हो रहे सफाई कार्य में व्यस्त हैं। स्वयं पालिका के कार्यपालन अभियंता योगेश राठौर ने हरिभूमि से चर्चा में इस बात की पुष्टि की हैं। अब ऐसे में रामबान्धा तालाब की सफाई का मार्ग प्रशस्त होने से देखना यह हैं कि कांग्रेस का अब प्रस्तावित आंदोलन को लेकर क्या रुख रहता हैं और क्या नगर की जनता को रामबान्धा तालाब उसके प्राचीन स्वरूप में इस वर्ष के अंत तक स्वच्छ नजर आएगा।

11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से झुलसे वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम परसदा में 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से झुलसे वृद्ध की मौत हो गई। घटना 2 नवंबर की सुबह करीब 11 बजे की है। हादसे के बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से गंभीर हालत को देखते हुए बिलासपुर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही वृद्ध ने दम तोड़ दिया।

■ पुलिस मर्ग कायम कर मामले की कर रही जांच

जानकारी के अनुसार ग्राम परसदा निवासी रामलाल पटेल पिता स्व. गनेशी पटेल उम्र 77 वर्ष सोमवार सुबह अपने घर के कोलाबाड़ी में लगे ढनढनी पेड़ पर चढ़कर उसकी टहनियों की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान पेड़ के पास से गुजरें 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से उसे जोरदार करंट लगा। करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया और पेड़ से नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए परसदा स्थित लाइफलाइन अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया। परिजन वृद्ध को लेकर बिलासपुर जा रहे थे लेकिन नवागढ़ राछा के पास पहुंचने पर उनकी हालत और बिगड़ गई और रास्ते में ही वृद्ध की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को वापस घर लेकर पहुंचे और घटना की सूचना हसौद पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की सदस्य बनीं खुशबू

चाम्पा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा चांपा की खुशबू पटेल को मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस संबंध में समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने नियुक्ति आदेश जारी किया है।रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार, खुशबू पटेल का नामांकन महाप्रबंधक की स्वीकृति के बाद किया गया है। समिति का कार्यकाल 1 सितंबर से 31 अगस्त 2028 तक निर्धारित किया गया है। समिति के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर होंगे, जबकि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इसके सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। समिति के माध्यम से रेल यात्रियों की समस्याओं, सुविधाओं और सुझावों को रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।



राज्य कर्मचारी संघ ने पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जिले में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पटवारियों द्वारा जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन को राज्य कर्मचारी संघ की जिला शाखा ने अपना समर्थन दिया है। राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने आंदोलनरत पटवारियों के प्रति एकजुटता जाहिर करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर निराकरण किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

■ कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की उठाई मांग

इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि जिले सहित पूरे प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण होना चाहिए। कर्मचारियों को अपनी जायज मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को समय पर आवश्यक पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का उचित समाधान करना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्यों के संचालन में भी बेहतर समन्वय बना रहे। उन्होंने पटवारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन को समर्थन देते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गंभीरता बरतने और उनके निराकरण की दिशा में सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता पर बल दिया। पटवारियों की हड़ताल को समर्थन देने के दौरान राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव नरेंद्र सिंह, जयंत सिंह क्षत्रिय सहित जिला शाखा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने पटवारियों के आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।



राम नाम रस में गोता लगाने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

डोंगाकोहरौद में अखंड नवधा रामायण की राम नाम रस में गोता लगाने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह-शाम की आरती

■ अखंड नवधा रामायण में सुबह शाम हो रही आरती

में विधि विधान से आरती पूजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हो रही है।

ज्ञात हो कि पामगढ़ के समीपस्थ ग्राम डोंगाकोहरौद में 27 अक्टूबर से नवधा रामायण प्रारंभ हुआ है जिसमें आसपास की मानस टोलियों के साथ दूर दराज से मानस मंडली गायन प्रवचन के लिए पहुंच रहे हैं। इसमें मानस मंडलियों द्वारा रामायण की दोहा चौपाइयों का संगीत के साथ गायन किया जा रहा है तथा उसके साथ ही प्रत्येक दोहा चौपाइयों पर टीका किया जाता है जिसे श्रवण करने के लिए स्थानीय गांव वासियों सहित आसपास के गांव से श्रद्धालु सुबह से रात तक डटे रहते हैं। अभी तक रामायण गायन में 200 से अधिक गांव की टोलियां मानस गायन के लिए पहुंच चुके हैं और आगामी दो दिनों तक निरंतर मानस मंडलियों की संख्या में इजाफा होगी। अखंड नवधा रामायण आयोजन समिति द्वारा बाहर से आने वाले प्रत्येक मानस मंडलियों को दूरी के हिसाब से यात्रा व्यय दिया जा रहा है। साथ ही दोनों समय सभी श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद भी भोजन के रूप में दी जा रही है



मानस गायन करती मंडली।

पारंपरिक माटी कला को मिलेगी नई पहचान, कारीगरों को रोजगार से जोड़ने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ केरा

छत्तीसगढ़ शासन के माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभूनाथ चक्रवर्ती मंगलवार को ग्राम केरा पहुंचे। यहां भाजपा शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला (बाबू) के निज निवास पर उनका गरिमामय एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने उनका अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्री चक्रवर्ती को श्रीफल, शाल एवं श्रीराम दुपट्टा भेंटकर सम्मानित किया। आत्मीय स्वागत से अभिभूत चक्रवर्ती ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार माटी कला से जुड़े कुम्हार समाज के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। माटी कला हमारी पारंपरिक संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस कला को संरक्षण देने के साथ ही इससे जुड़े लोगों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि माटी कला बोर्ड के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, ताकि पारंपरिक कला को नई पहचान और कारीगरों को बेहतर अवसर मिल सकें। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला ने कहा कि शंभूनाथ चक्रवर्ती का ग्राम केरा आगमन समस्त कार्यकर्ताओं के लिए गौरव एवं हर्ष का विषय है। इस अवसर पर राकेश शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, बाला दास महंत, देवचरण कुंभकार, शीतल दास महंत, प्रेमलाल सोनी, मधुसूदन शुक्ला, जगन्नाथ पटेल, हरिश्चंद्र साहू, कृष्ण जांगड़े सहित ग्रामवासी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

■ छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष का ग्राम केरा में हुआ आत्मीय स्वागत, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



वैराग्य की भावना जागृत होने के लिए कोई निश्चित उम्र निर्धारित नहीं : प्रसाद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में मंगल चातुर्मास 2026 के दौरान विराजमान निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज एवं मुनि श्री 108 शीतल सागर महाराज के मंगल सानिध्य में जैन समाज द्वारा मुनि श्री शीतल सागर महाराज का 13वां मुनि दीक्षा दिवस एवं गुरु उपकार दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।

■ गुरु उपकार दिवस पर जैन समाज ने किया धार्मिक आयोजन, स्कूली बच्चों को पिलाई गई स्वर्ण प्राशन की बूंदें

इस अवसर पर श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज की पूजा-अर्चना तथा मुनिश्री की अष्टद्रव्य से विशेष पूजा की गई। वहीं जैन भवन में स्कूली बच्चों को स्वर्ण प्राशन की बूंदें पिलाई गईं। धार्मिक आयोजन का शुभारंभ भगवान शांतिनाथ के अभिषेक एवं शांतिधारा से हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज की पूजा-अर्चना कर अर्घ्य समर्पित किए। जैन समाज एवं महिला मंडल के सदस्यों ने मुनि श्री शीतल सागर महाराज की विशेष पूजा कर उनके तप, त्याग और संयममय जीवन के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज ने बताया कि आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज ने 16 अक्टूबर 2014 को विदिशा स्थित श्री दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र शीतल धाम में मुनि श्री शीतल सागर सहित चार मुनियों को दीक्षा प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि वैराग्य की भावना जागृत होने के लिए कोई निश्चित उम्र निर्धारित नहीं है। छोटे-छोटे नियमों और संकल्पों के माध्यम से भी व्यक्ति आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मसंयम और धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा आवश्यक है। मुनि श्री 108 शीतल सागर महाराज ने अपने दीक्षा जीवन के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज की कृपा ने उनके जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान की। उन्होंने 10 सितंबर 2007 को आचार्य भगवन से ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया था। इसके बाद 16 अक्टूबर 2014 को उन्हें मुनि दीक्षा प्राप्त हुई। मुनिश्री ने कहा कि आचार्य भगवन का यह महान उपकार उनके जीवन की अमूल्य आध्यात्मिक उपलब्धि है, जिसके प्रति वे सदैव कृतज्ञ रहेंगे। उन्होंने कहा कि जैन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि त्याग, तपस्या, आत्मसंयम, जीवदया और जरूरतमंदों की सेवा इसका मूल आधार है। युवा पीढ़ी को धर्म, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। संस्कारित युवा ही समाज और धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ा सकते हैं। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन एवं सचिव रूपेश जैन ने कहा कि मुनि श्री शीतल सागर महाराज का दीक्षा दिवस समाज के लिए गौरव और आध्यात्मिक प्रेरणा का अवसर है।



धर्मसभा को संबोधित करते प्रसाद सागर महाराज।

